भारत सरकार

पंचायती राज मंत्रालय

**लोकसभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 361**

दिनांक 30.11.2021 को उत्तरार्थ

**डिजीटल इंडिया प्रोग्राम**

†361. श्री विजय बघेल:

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड/इंटरनेट से जोड़ने की योजना लागू की जा रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) आज की तारीख में छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित ब्रॉडबैंड/इंटरनेट से जुड़ी ग्राम पंचायतों की स्थिति कितनी है;

(घ) ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड/इंटरनेट से जोड़ने के लिए अपनाए जा रहे मानकों/मानदंडों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड/इंटरनेट से जोड़ने का कार्य कब तक पूरा होने की संभावना है?

**उत्तर**

पंचायती राज राज्य मंत्री

(श्री कपिल मोरेश्वर पाटिल)

(क) से (ग) डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत, भारतनेट परियोजना को वाई-फाई या फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) सहित किसी अन्य उपयुक्त ब्रॉडबैंड तकनीक के माध्यम से देश में ग्राम

पंचायतों को अंतिम छोर तक ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है। 01.11.2021 तक छत्तीसगढ़ की 8,386 ग्राम पंचायतों सहित देश में कुल 1,66,088 ग्राम पंचायतों को सेवा के लिए तैयार किया जा चुका है।

(घ) भारतनेट परियोजना के तहत सभी ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान की जानी है। इसके अलावा, इस परियोजना के हिस्से के रूप में, ब्रॉडबैंड/इंटरनेट सेवाओं तक पहुंचने के लिए सभी ग्राम पंचायतों में वाई-फाई या किसी अन्य उपयुक्त ब्रॉडबैंड तकनीक के माध्यम से अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी प्रदान की जानी है। हाल ही में भारतनेट का दायरा ग्राम पंचायतों से परे सभी बसे हुए गांवों तक बढ़ा दिया गया है।

(ङ) परियोजना को पूरा करने की लक्षित तिथि अगस्त, 2023 है।

***